# AICTE का 2025 'AI का वर्ष'

[स्रोत: TOI](#)

हाल ही में [अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) ने](#) भारत को AI में वैश्विक नेतृत्वकर्त्ता के रूप में स्थापित करने के लिये वर्ष **2025 को "कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष"** के रूप में नामित किया है।

- AICTE का लक्ष्य **अद्यतन पाठ्यक्रम**, **संकाय हेतु कार्यशालाओं** और वास्तविक विश्व के प्रदर्शन के लिये **AI-संचालित कंपनियों के साथ सहयोग के** माध्यम से **शिक्षा में AI को बढ़ावा देना है।**
    - इस पहल के मुख्य तत्वों में **AI एफर्मेशन प्लेज़, व्यापक AI एकीकरण**, **AI जागरूकता अभियान**, **संकाय विकास और औद्योगिक भागीदारी**, **उत्कृष्ट मान्यताएँ शामिल हैं**।
- **यह पहल 14,000 से अधिक कॉलेजों और 40 मिलियन छात्रों को** प्रभावित करेगी, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में AI को एकीकृत करना और नवाचार एवं नेतृत्व को बढ़ावा देना है।
- सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ाने के लिये **AI-सक्षम उपकरण और सुरक्षा उपाय शुरू किये, जिसमें राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, ई-मैप पोर्टल और** [जागो-ग्राहक-जागो](#) **मोबाइल एप्लीकेशन तथा** ई-कॉमर्स में भ्रामक विपणन को विनियमित करने के लिये दिशानिर्देश शामिल हैं।
- सरकार ऑनलाइन शिकायत दर्ज़ करने के लिये [**ई-दाखिल पोर्टल**](#) जैसे उपकरणों एवं ई-कॉमर्स संबंधी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के उपायों के साथ डिजिटल बाज़ार में उपभोक्ता विश्वास सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।
- **AICTE:**
    - [**यह शिक्षा मंत्रालय**](#) के अधीन एक **सांविधिक निकाय** एवं **तकनीकी शिक्षा के लिये एक राष्ट्रीय स्तर की परिषद है।**
    - इसकी स्थापना **नवंबर 1945 में** एक **राष्ट्रीय स्तर की सर्वोच्च सलाहकार संस्था के रूप में की गई थी**।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)

*AI मशीनों में मानव बुद्धि का अनुकरण है, जिसे मनुष्यों की तरह सोचने और सीखने के लिये प्रोग्राम किया गया है, जो समस्या-समाधान, तर्क और नई जानकारी के अनुकूल होने में सक्षम है।*

## AI टाइमलाइन - प्रमुख परिवर्तन (Milestones)

- **1950s** का दशक: ट्यूरिंग टेस्ट का प्रस्ताव; पहला AI प्रोग्राम विकसित
- **1956** डार्टमाउथ कॉन्फ्रेंस ने "कृत्रिम बुद्धिमत्ता" को मान्यता दी
- **1960s** का दशक: एलिज़ा चैटबॉट का निर्माण; प्रारंभिक न्यूरल नेटवर्क
- **1996** डीप ब्लू - एक शतरंज खेलने वाला प्रोग्राम (Chess-Playing Program)
- **2012** डीप लर्निंग ब्रेक थ्रू इन इमेज रिकॉग्निशन
- **2014** जनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क (GAN) का प्रस्ताव
- **2020** GPT-3 द्वारा उन्नत भाषा निर्माण का प्रदर्शन
- **2022** चैटजीपीटी लॉन्च हुआ, जो संवादात्मक AI को आम लोगों तक पहुँचाएगा
- **2023** जनरेटिव AI बूम; प्रमुख टेक कंपनियों ने AI मॉडल जारी किये



## प्रमुख AI प्रौद्योगिकियाँ




Drishti IAS

## AI के अनुप्रयोग

- **स्वास्थ्य सेवा:** व्यक्तिगत चिकित्सा
- **वित्त:** एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग
- **परिवहन:** ऑटोनोमस व्हीकल
- **विपणन और ग्राहक सेवा:** टार्गेटेड एडवरटाइजिंग चैटबॉट
- **शिक्षा:** अडेप्टिव लर्निंग सिस्टम
- **कृषि:** फसल निगरानी
- **साइबर सुरक्षा:** खतरे का पता लगाना
- **ऊर्जा:** स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन, खपत पूर्वानुमान

## चिंताएँ

- डीपफेक और गलत सूचना
- एल्गोरिदमिक बायस
- ऑटोमेशन और जॉब डिस्प्लेसमेंट
- गोपनीयता के मुद्दे
- डेटा ऑनरशिप और लायबिलिटी इश्यु
- एथिकल डिसीजन-मेकिंग कॉम्प्लेक्स

## AI विनियमन

- **AI पर वैश्विक भागीदारी (GPAI) 2020 में प्रारंभ हुई**
- **ब्लेचली घोषणा (2023):** AI पर वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना
- **G20 नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (2023):**
- **AI** पर G7 हिरोशिमा (2023) प्रोसेस

## भारत और AI

- **AI 201 के लिये राष्ट्रीय रणनीति**
- **AI फॉर ऑल:** स्व-शिक्षण ऑनलाइन कार्यक्रम
- भारत द्वारा आयोजित **GPAI शिखर सम्मेलन 2023**
- **इंडिया AI मिशन 2024**
- **US इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (USIAI) पहल:** महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में AI सहयोग
- **AIRAWAT** (AI रिसर्च एनालिटिक्स और नॉलेज सेपरिफ्यूज़न प्लेटफॉर्म) सुपरकंप्यूटर

**और पढ़ें...**

[AICTE का नया विनियमन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aicte-s-2025-year-of-ai